Affiliated To : Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries, Ranchi
Regtn. No. (SRA - 1860) : 708/2009-10 (Govt. of Jharkhand)

संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, देवघर
SANTAL PARGANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES, DEOGHAR

spccideoghar.2021@gmail.com | www.spccideoghar.in

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

i=kd ¼ SPCCI- 37/2021-23
fnukd ¼ 17-06-2022

सेवा में,

सचिव,
लोक उपक्रम एवं पथ निर्माण विभाग,
झारखण्ड।

विषय : दर्दमारा–मोहनपुर बायपास में रिखिया से सर्कुलर रोड, बिलासी पथ निर्माण के संबंध में।

महोदय,

निवेदन पूर्वक बताना है कि दर्दमारा–मोहनपुर बायपास रोड में रिखिया से बिलासी चौक, सर्कुलर रोड (कैनरा बैंक के पास) तक एक उच्च स्तरीय टू वे रोड का निर्माण किया जाना चाहिए। यह पथ रिखिया से सर्कुलर रोड, बिलासी भाया लकड़ीगंज, अमगड़िया, पुनसिया, खपरोडीह बनेगी। इस पथ के बनने से दर्दमारा–मोहनपुर आउट रिंग रोड से देवघर के भीतरी रिंग रोड (सर्कुलर रोड) से संबद्ध हो जाएगी। इससे न सिर्फ श्रावणी मेला में यातायात नियंत्रण में एक बेहतर विकल्प तैयार होगा बल्कि सामान्य दिनों के लिए भी भागलपुर, सुल्तानगंज, बांका आदि से आने वाले वाहनों का बाहर–बाहर ही मुख्य शहर को जोड़ने के लिए एक स्थायी पथ मिल जाएगा जिससे यातायात व्यवस्था सालोंभर सुगम रहेगी। इस पथ के बन जाने से बाहरी बायपास से बैद्यनाथपुर होते हुए शहर में भीड़–भाड़ के दिनों में भी वन वे ट्रेफिक प्लान के साथ छोटी गाडियों को शहर में सुगम प्रवेश हो सकेगा।

वर्तमान में श्रावणी मेला के समय बाघमारा, खिजुरिया की ओर से वाहन शहर में प्रवेश करते हैं और देवघर कॉलेज, भुरभुरा और सर्कुलर रोड में जहां–तहां अस्थायी पार्किंग करते हैं। यह पूरा क्षेत्र श्रावणी मेला में तीर्थयात्रियों के लिए पैदल जाने वाला रास्ता है और भीड़–भाड़ के कारण कांवरियों को तो परेशानी होती ही है, छोटी गाड़ियों की पार्किंग भी अव्यवस्थित रहती है। वर्तमान में इन अस्थायी पार्किंग को भी अन्यत्र ले जाने की नितांत आवश्यकता है।

उपरोक्त प्रस्तावित रोड में पुनसिया में 8–9 एकड़ की परती भूमि उपलब्ध है जिसका उपयोग मेला के दौरान अस्थायी पार्किंग के रूप में हो सकती है। अतः इन परिपेक्ष्यों में प्रस्तावित रिखिया–लकड़ीगंज–अमगड़िया, पुनसिया, खपरोडीह, सर्कुलर रोड, बिलासी तक देवघर के सुगम यातायात व्यवस्था में अत्यंत लाभकारी पथ साबित होगा।

अनुरोध है कि देवघर की सुगम यातायात के लिए उपरोक्त पथ का निर्माण कराया जाय।

सादर,

आलोक कुमार मल्लिक
अध्यक्ष

VICE PRESIDENT
UMESH RAJPAL
9431781598 | 7250784754

VICE PRESIDENT
SANJAY MALVIYA
9431134670 | 9576616022

VICE PRESIDENT
PIYUSH JAISWAL
9431163649 | 7717726102

JOINT SECRETARY
ANAND SAH
8521594569

TREASURER
DEEPAK SARAIYAN
9386651205

Correspondence Add. : Swarn Computer Press, Hanuman Tikri, Front of Jalsar Park, Deoghar - 814112 (Jharkhand)